>

Title: Regarding maintaining proper decorum and excercising restraint by the Members.

माननीय अध्यक्ष: सभी माननीय संसद सदस्यगण, हम सबको इस संसद की मर्यादा को ध्यान में रखना चाहिए । जबसे आप सबने मुझे इस आसन पर बैठाया है, मैंने प्रयास किया है और कोशिश की है कि सभी माननीय सदस्यों का सम्मान बना रहे । मैंने कई बार यह भी आग्रहपूर्वक कहा है कि सदन की एक मर्यादा है । जब मैं विश्व के संसदीय सम्मेलनों में जाता हूं तो मैं गर्व से कह सकता हूं कि भारत सबसे मजबूत और निर्णायक लोकतंत्र देश है और हमारी संसद की मर्यादा भी सबसे ऊपर है । हमारी संसद की कार्यवाही लाइव होती है, इसलिए मैं बार-बार इस बात को इंगित करता हूं कि हम भारत की संसद से देश को दिशा दे सकें । हम सभी इस मर्यादा को कायम रखें । मैं आपका संरक्षक हूं । जो कुछ भी विषय हुआ है, मैं हमेशा यह अपेक्षा करूंगा कि कोई भी माननीय सदस्य न तो बाहें चढ़ाकर आएं, न कोई तीखा बोलें । तल्ख टिप्पणियां बहुत हुई हैं, तल्ख राजनीति और टिप्पणी होनी चाहिए, लेकिन मर्यादित तरीके से । हम सभी मर्यादा का ध्यान रखेंगे, इससे सदन की मर्यादा रहेगी । सभापति की मर्यादा रहेगी तो संसद की मर्यादा रहेगी । आप निश्चिंत रहें, जो विषय मेरे ध्यान में आया है, मैं पुन: बैठकर यह अपेक्षा करूंगा कि इस विषय पर आपके साथ न्यायपूर्ण निर्णय करूं ।

अब सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सकती है ।

-

12.12 hrs

GOVERNMENT BILLS – Introduced

(i) Constitution (One Hundred and Twenty-Sixth Amendment) Bill, 2019*